# बीकानेर स्थित सबसे बड़े जसनाथ महाराज के मंदिर में चोरी

## जसनाथ मंदिर से चोर करीब 40 किलो वजनी चांदी का (28 लाख रुपये) भारी भरकम छत्र और मुकुट चुरा ले गए

**बीकानेर, (कासं)।** जसनाथ संप्रदाय के बीकानेर स्थित सबसे बड़े जसनाथ महाराज के मंदिर में चोरी हो गई। चोर करीब 40 किलो वजनी चांदी का (28 लाख रुपये) का भारी भरकम छत्र और मुकुट चुरा ले गए। इसके साथ 100 ग्राम (6 लाख) सोने के गहने और ढाई लाख रुपए कैश भी ले गए। साथ में काफी सामान चोरी किया गया है। घटना के बाद चोर सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग भी उठा ले गए। एसपी तेजस्विनी गौतम स्वयं मौके पर पहुंची। क्षेत्र में नाकेबंदी करके एक-एक गाड़ी को चैक किया जा रहा है।

जसनाथ सिद्ध संप्रदाय का सर्वाधिक प्रभाव श्रीडूंगरगढ़ के कतरियासर में है। मंदिर में सोमवार रात को चोरी हुई। मंगलवार सुबह जब पुजारी व दर्शनार्थी पहुंचे तो चोरी का पता चला। संप्रदाय के लोगों को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचे, इससे पहले ग्रामीणों ने गाड़ियों के पहियों के निशान देखकर चोरों को ढूंढना शुरू कर दिया। चोर जिस दिशा में गए हैं, उसका भी पता लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जामसर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

- **इसके साथ 100 ग्राम (6 लाख रुपये) सोने के गहने और ढाई लाख रुपए कैश भी ले गए**

चोर मंदिर का गेट तोड़ कर अंदर घुसे थे। टूटे हुए गेट से पुलिस फिंगर प्रिंट ले रही है। सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग मशीन भी यहीं लगी हुई थी, जिसे चोर अपने साथ ले गए। फिलहाल मंदिर बंद कर दिया है। चोरों ने मंदिर में केवल प्रतिमाएं ही छोड़ी हैं। बाकी सब चुराकर ले गए। पुलिस गांव में लगे अन्य कैमरों, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज एकत्रित कर रही है। चोरों से जुड़े सबूत जुटा रही है। सिद्ध समाज के कतरियासर धाम में हुई इस घटना के बाद सिद्ध समाज के लोगों में गुस्सा फैल गया है।

चोरी का राज खोलने के लिए पुलिस की डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंच गई है। इसने मंदिर के अंदर और बाहर घूमकर चोरी का पता लगाने का प्रयास किया है। फिंगर प्रिंट लेने के लिए एफएसएल टीम भी मंदिर आ रही है। मंदिर में चोरी का पता चलने के साथ ही बड़ी संख्या में भक्त जसनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर बंद होने से भी लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। वहीं मंदिर में चोरी की घटना को लेकर भक्तों में आक्रोश है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है। आरोप है कि चोर बड़ी आसानी से सारा सामान लेकर पार हो गया। लेकिन पुलिस को भनक भी नहीं लगी। पुलिस गश्त नहीं होने से ऐसे हालात हो रहे हैं।

# क्रिकेट सट्टे पर कार्रवाई, चार बुकी गिरफ्तार

## चैन्नई और बैंगलुरू के बीच चल रहे मैच में लाखों रूपए की खाईवाली और लगाईवाली की सूचना मिली थी



कोतवाली पुलिस ने क्रिकेट सट्टे के बुकियों को गिरफ्तार किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** कोतवाली पुलिस द्वारा क्रिकेट सट्टा करवाने वाले बुकियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले दिनों रीको में की गई कार्रवाई के बाद अब कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला चोपदारान में एक मकान में दबिश देकर चार बुकियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से ना केवल लाखों रूपयों का हिसाब किताब बरामद किया गया है। बल्कि आधुनिक उपकरण समेत मोबाइल व अन्य सामान भी जब्त किया गया है।

शहर कोतवाल सुरेंद्र देगड़ा ने बताया कि आईपीएल क्रिकेट सीरिज में बड़े पैमाने में सट्टा होने की जानकारी मिल रही है। जिसके तहत बीती रात को

- **लाखों रूपयों का हिसाब-किताब सहित आधुनिक उपकरण व मोबाइल, अन्य सामान जब्त**

मुखबिर के जरिए इत्तला मिली कि मोहल्ला चोपदारान में चैन्नई और बैंगलुरू के बीच चल रहे मैच में लाखों रूपए की खाईवाली और लगाई वाली की जा रही है। जिस पर पुलिस टीम ने दबिश दी। जहां से पुलिस ने सीतसर निवासी सुनिल बुडानिया, मोहल्ला चोपदारान निवासी तसलीम व मकसूद तथा गणेशपुरा नवलगढ़ निवासी मनोज सैनी को गिरफ्तार किया।

इनमें से दो आरोपी पूर्व में भी जुआ एक्ट में गिरफ्तार हो चुके है। आरोपियों के संपर्क वाले सटोरियों को लेकर भी पूछताछ की जा रही है। वहीं मोहल्ला चोपदारान के जिस इदरीश पुत्र ईदू चोपदार के मकान को किराए पर लेकर बुक चलाई जा रही थी। इस मकान मालिक को भी मामले में आरोपी बनाया जा रहा है। कोतवाल ने बताया कि एसपी मृदुल कच्छावा के निर्देशन पर सट्टे व जुए की रोकथाम के लिए यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# हेरोइन, नगदी और कम्प्यूटर कांटा सहित दो गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** छजगरिया बस्ती का युवक फिर हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़ा गया है। मीरा चौक चौकी पुलिस की ओर से गश्त के दौरान दो युवकों को मादक पदार्थ हेरोइन की 12 ग्राम मात्रा के साथ गिरफ्तारकिया है। एसपी परिस देशमुख के निर्देशों पर उक्त मुकदमा की जांच सदर थाना में तैनात एसआई महेंद्र राठौड़ को दी गई है। दोनों युवकों को सोमवार शाम अदालत में पेशकर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

मीरा चौक चौकी प्रभारी रामविलास बिश्नोई ने बताया कि छजगरिया बस्ती निवासी 26 वर्षीय सन्नीकुमार छजगरिया पुत्र हंसराज छजगरिया तथा महियांवाली के वार्ड 10 निवासी रविंद्र मूंड पुत्र इंद्राज मूंड को 12 ग्राम हेरोइन, मादक पदार्थ तोलने के छोटे कम्प्यूटर कांटा और बिक्री की 24 हजार रुपए रकम के साथ पकड़ा गया। यह कार्रवाई रविवार शाम गश्त के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को चौकी स्टाफ में एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, कांस्टेबल कृष्ण साहू, रीडर विकास गोदारा, कांस्टेबल निर्मल बिश्नोई, नरेंद्र खीचड़ के साथ गश्त कर

- **दोनों युवकों को सोमवार शाम अदालत में पेशकर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है**

रहे थे। इस दौरान दोनों युवक पुलिस जीप को देखकर हड़बड़ा गए और छुपने के इरादे से भागे। संदेह होने पर दोनों को पीछाकर पकड़ा और पूछताछ की। आरोपी सन्नीकुमार छजगरिया पुत्र हंसराज छजगरिया की तलाशी में 6 ग्राम हेरोइन हेरोइन तोलने का चार्जेबल छोटा कम्प्यूटर कांटा तथा हेरोइन बिक्री के 24 हजार रुपए नकदी बरामद हुई। आरोपी महियांवाली निवासी रविंद्र मूंड पुत्र इंद्राज मूंड की तलाशी में उसके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

गिरफ्तारी के बाद सन्नीकुमार छजगरिया से हुई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उसने उक्त हेरोइन छजगरिया बस्ती में ही रहने वाले शिवा छजगरिया से खरीद की थी।

# तलाशी में डेढ़ किलो अफीम पकड़ी

**सूरतगढ़, (निसं)।** सिटी थाना पुलिस ने 1 किलो 500 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि एसपी परिस देशमुख के आदेशानुसार नशा और अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसपी किशन सिंह बिजारणिया के सुपरविजन में डीएसटी एवं सिटी थाना पुलिस ने मंगलवार को इस कार्रवाई को बिश्नोई मंदिर के समीप अंजाम दिया। सीआई ने बताया कि थाना की सब इंस्पेक्टर रचना बिश्नोई, हेड कांस्टेबल जयपाल सिंह, डीएसटी के कांस्टेबल दयाराम, रणजीत सिंह तथा रमेश के साथ गश्त पर थी।

इस दौरान पुलिस टीम को बिश्नोई मंदिर के समीप एक युवक के संदिग्ध अवस्था में खड़े होने की जानकारी मिली। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश दी तो पुलिस की गाड़ी देख युवक तेज कदमों से चलने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने युवक को रुकवाते हुए उसके बैग की तलाशी ली तो उसमे 1 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में युवक से जानकारी मांगी तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम वीरेंद्र बिश्नोई होना बताया।

# प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री से रेलवे हुआ मालामाल

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर रेलवे स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान से प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री में आशातीत वृद्धि दर्ज की गई है। बीते वित्त वर्ष में जोधपुर मंडल के सिटी रेलवे स्टेशन पर लगभग छह लाख प्लेफॉर्म टिकटों की हुई बिक्री से रेलवे को साठ लाख रुपए का उल्लेखनीय राजस्व मिला जो वित्त वर्ष 2021-2022की तुलना में दुगुना है।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर अपने परिजनों और परिचितों को छोड़ने अथवा लेने आने वाले व्यक्तियों के प्लेटफॉर्म पर वांछित समय तक रहने के लिए प्लेटफॉर्म टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित है। दस रुपए का प्लेटफॉर्म टिकट खरीद कर व्यक्ति निर्धारित दो घंटों की अवधि तक प्लेटफॉर्म पर रह सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष2022-2023के दौरान जोधपुर रेलवे स्टेशन पर 5 लाख 95 हजार 842 प्लेटफॉर्म टिकटों की आशातीत बिक्री से रेलवे को 59 लाख 58 हजार 420 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्तीय वर्ष से दुगुना है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

- **जोधपुर रेलवे स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया**

जितेंद्र मीणा ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान से प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री में वृद्धि हुई है जिससे राजस्व भी बढ़ा है। उन्होंने जानकारी दी कि जोधपुर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन डेढ़ हजार से भी अधिक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री हो रही है जिसमें यूटीएस और एवीटीएम से बिकने वाले प्लेटफॉर्म टिकट शामिल है।

दरअसल, प्लेटफार्म पर उपलब्ध स्थान के अनुसार ही प्लेटफॉर्म टिकट जारी किए जाते हैं। इसका मतलब यह है कि प्लेटफॉर्म की क्षमता से ज्यादा प्लेटफॉर्म टिकट जारी नहीं किए जाते हैं। अगर पहले ही क्षमता के अनुसार प्लेटफॉर्म टिकट जारी हो चुके हैं तो इसके बाद प्लेटफॉर्म टिकट मांगने वाले व्यक्ति को रेलवे स्टाफ टिकट देने से मना भी कर सकता है।

# चंबल नदी में पुल से गिरी युवती

**धौलपुर, (निसं)।** चंबल नदी धौलपुर पर बने पुराने पुल से पैर फिसल जाने से मंगलवार दोपहर को एक युवती नदी में गिर गई। जिसे यहां वोटिंग कर रहे लोगों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। लेकिन नदी में गिरने से वह बेहोश हो गई। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि युवती ने जान बूझकर नदी में छलांग लगाई थी। युवती के नदी में गिरते ही स्थानीय लोगों ने सागरपाड़ा चौकी पुलिस को सूचना दी।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने शुरू किया धरना

- **चोरियों के विरोध में दिया धरना**

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** थाना इलाके के ऊबली का बालाजी में लगातार चोरियों से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी के अंदर धरना शुरू कर दिया है।

ग्रामीण नरेंद्र गढवाल ने बताया कि ऊबली का बालाजी में लगातार चोरियों का सिलसिला चल रहा है। एक महीने पहले भी मोटर वाइडिंग की दुकान से चोरी हुई थी। तब भी ग्रामीणों ने चेताया था कि पूर्व में ही चोरियों और मोटर वाइडिंग की दुकान में हुई चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो आंदोलन होगा। लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। उसी का परिणाम है कि बीती रात एक बार फिर चार दुकानों के ताले टूट गए। इनमें से दो में चोर नगदी और सामान चुराने में कामयाब रहे। ग्रमीणों की धरना की सूचना मिलने पर गुढ़ागौड़जी एसएचओ वीरसिंह गुर्जर पहुंचे। लेकिन ग्रामीण एसपी से वार्ता करने पर अड़े हुए है।

# नौकरी दिलाने वाला ठग गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** जवाजा थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान ढाणी गोगाना पुलिस थाना नागौर सदर हाल लक्ष्मी गर्ल्स होस्टल स्टेशन रोड कुचामन सिटी निवासी जयपाल ज्याणी पुत्र हरिराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर लोगों से रूपये ऐंठने का कार्य करता था।

गौरतलब है कि सात अप्रेल को ज़वाजा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम करला निवासी राम सिंह सिसोदिया ने जवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज़ कवाई थी। आरोपी ने स्वयं को सरकारी विभाग में अहम जानकार बताया और गुपचुप में ही सरकारी नौकरी दिलवा देने की बात कही। उक्त कार्य हेतु जयपाल ने 2,50,000 रुपये हड़प लिये। मामले की गंभीरता जानकार प्रकरण संख्या 141/223 धारा 420, 406 भादस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को कुचामन से डिटेन किया। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल तार सिंह,कांस्टेबल नगेन्द्र, विजय आदि थे।

# फरार इनामी हार्डकोर अपराधी ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

## राजस्थान के 11 थानों में अपराधी पर दर्ज हैं हत्या, लूट के मामले

**बीदासर, (निसं)।** पुलिस मुख्यलय द्वारा रेंज स्तरीय टॉप 10 सर्वाधिक सक्रीय वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराधियों की धरपकड़ के दौरान लगभग ढाई वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे 5000 के इनामी हार्डकोर अपराधी व स्थाई वारंटी बीदासर तहसील के गांव तेहनदेसर निवासी हड़मानाराम जाखड़ ने सोमवार को न्यायालय में पेश होकर आत्मसमर्पण किया। जिसे पुलिस ने न्यायालय परिसर से गिरफ्तार कर लिया।

न्यायालय ने अपराधी जाखड़ को दो दिन की पीसी रिमांड पर दिया है। थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि अगस्त 2020 में बीदासर निवासी दिनेश सुथार द्वारा हड़मानाराम जाखड़ के खिलाफ धमकियाँ व दबाव डालकर फिरोती मांगने के दर्ज मामले में फरार चल रहा था। जाखड़ के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न 11 थानों में मारपीट, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, अवैध हथियार, फिरोती मांगने के मामले दर्ज है। जिसमें बीकानेर जिले में पांच, जोधपुर में एक, चुरू जिले के साण्डवा, बीदासर व सुजानगढ में छः मामले दर्ज हैं।



फरार अपराधी जाखड़ पुलिस हिरासत में।

# नहर परियोजना को लेकर किया कूच

**करौली, (निसं)।** नहर परियोजना को लेकर महिला क्रान्तिकारी सौम्या मीणा के नेतृत्व में ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पाड़ला बगीची टोडाभीम से प्रधानमंत्री आवास दिल्ली के लिए पैदल कूच किया। ईआरपीसी के प्रदेश अध्यक्ष जवान सिंह मोहछा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में नहर परियोजना को लेकर दिल्ली प्रधानमंत्री आवास कूच का आज तीसरा दिन है। प्रधानमंत्री आवास के बहार एक दिन का धरना प्रदर्शन करेंगे। जिससे किसानों को समय पर पानी मिल सके। हम लोग मालाखेडा पहुँच चुके हैं। ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जवान सिंह, क्रान्तिकारी महिला सौम्या, पवन भजाक गुर्जर जिला परिषद सदस्य दौसा, लोकेश आदिवासी, ललतेश मिर्जापुर, भरत अगावली, मनीष, गौरव मीणा, रामावतार, महेन्द्र, रामअवतार, सुखदेव जामडोली, प्रियंका झाडोती, अलकेश थानागाजी, रिंकू सैनी बसवा, लोकेश भजेडा आदि पैदल चलने में शामिल हैं।

# बिजली विभाग ने पार्षद को थमाया 43 हजार का डिमाण्ड नोटिस

## हादसों को न्यौता दे रहे ट्रांसफार्मर को बदलने के बजाए डिमाण्ड नोटिस भेजा

**चूरू, (कासं)।** शहर के जीतमल की चक्की के पास वार्ड नंबर 3 व 60 के मध्य स्थित बिजली का ट्रांसफार्मर हादसे को निमंत्रण देता रहता है। इसमें से हर समय धुआं निकलता रहता है तथा कुछ समय के अंतराल पर चिंगारियां भी निकलती है। ट्रांसफार्मर इतना नीचे लगा है कि कई बार आवारा पशु इसकी चपेट में आकर करंट लगने से घायल भी हो चुके हैं। यह ट्रांसफार्मर इतना नीचे लगा है कि बरसात के समय यहां पानी भर जाता है तब पानी ट्रांसफार्मर से कुछ ही नीचे रहता है, यदि कभी ज्यादा बरसात हुई तो बड़ा हादसा भी हो सकता है। इस ट्रांसफार्मर पर वार्ड नंबर 3 व 60 के सैकड़ों घरों का लोड होने से भी बड़ी

- **वार्ड नम्बर 60 के पार्षद ने सुनवाई नहीं होने पर की थी बिजली विभाग की शिकायत**

भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों का कहना है कि या तो यहां बड़ा ट्रांसफार्मर लगाया जाए या दो ट्रांसफार्मर लगा दिए जाएं तो लोड कम हो सकता है। लोगों ने कहा कि यह वार्ड नंबर 3 व 60 के मध्य स्थित है।

लोगों ने कहा कि पार्षदों की तरह प्रशासन भी सोया हुआ है। इससे लगता है कि प्रशासन को किसी बहुत बड़े हादसे का इंतजार है। उसके बाद ही प्रशासन की आंखें खुलेंगी। इस संबंध में वार्ड नंबर 3 के पार्षद गोकुल शर्मा का कहना है कि यह वार्ड नम्बर 60 में स्थित है। गोकुल शर्मा ने कहा कि आखिर इसे कहां लगाएं। वार्ड नम्बर 60 के पार्षद चन्द्र प्रकाश सैनी ने कहा कि यहां बिजली विभाग के अधिकारियों को तीन से बराबर अवगत करवा रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। पार्षद सैनी ने कहा कि ऑनलाईन शिकायत करवाने पर नाराज होकर ट्रांसफार्मर को बदलने के बजाए बिजली विभाग ने 43 हजार रुपए का डिमाण्ड नोटिस दे दिया और कहा कि तुम्हें ज्यादा दिक्कत हो रहे है तो ये राशि जमा करवा दो।

# बीकानेर में रोज बढ़ रहे हैं करोना पॉजिटिव केस

**बीकानेर, (कासं)।** कोरोना रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही अब मौत का आंकड़ा भी डराने लगा है। इन दिनों चल रही लहर में कोरोना से चार जनों की मौत हो चुकी है। जबकि ढाई सौ से ज्यादा पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। डेढ़ सौ रोगी तो अब भी एक्टिव हैं।

सीएमएचओ डॉ. अबरार पंवार ने बताया कि जिले में दो और कोरोना पॉजिटिव की मृत्यु हुई है। वाल्मीकि बस्ती निवासी 43 वर्षीय कोविड पॉजिटिव व्यक्ति की मृत्यु हो गई जो ब्रेन हेमरेज के उपचार के लिए पीबीएम अस्पताल में भर्ती था। इसके अतिरिक्त पीबीएम में नोखा निवासी 86 वर्षीय पॉज़िटिव बुजुर्ग की भी मौत हो गई जिसे पहले से सांस की तकलीफ थी। इसी के साथ बीकानेर जिले के निवासी 4 कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों की मृत्यु वर्तमान लहर में हो चुकी है। डॉ. पवार ने बताया कि पीबीएम अस्पताल में इलाजरत गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के कोरोना सैम्पल लिए ही जाते हैं। उनमें से कई बार मृत्यु पश्चात सैम्पल की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। आमजन व मेडिकल स्टाफ के लिए मास्क,

- **इन दिनों चल रही लहर में कोरोना से चार जनों की मौत हो चुकी है**

सोशल डिस्टेंसिंग और सैनिटाइजर का उपयोग जरूरी है।

इसी के साथ जिले में कोविड पॉजिटिव एक्टिव केस बढ़कर अब तक कुल पॉजिटिव व्यक्तियों की संख्या 246 हो गई है। बड़ी संख्या में लोग कोरोना के लक्षण मिलने के बाद भी कोविड जांच नहीं करवा रहे हैं। ये लोग घर पर ही इलाज ले रहे हैं। कोविड डॉक्टर्स भी अब कोरोना रोगियों को घर पर आइसोलेट कर रहे हैं। ढ ाई सौ नए रोगियों में अधिकांश को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत ही नहीं पड़ी है। किसी अन्य बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती रोगियों की आरटीपीसीआर जांच करवाई जा रही है। इसी में अत्यंत गंभीर की मौत भी कोरोना से मौत मानी जा रही है।

# 82 पेटी अवैध शराब जब्त की

**चूरू, (कासं)।** आबकारी पुलिस की टीम ने एक खेत में से 82 पेटी अवैध शराब जप्त की है। यहां जिला आबकारी अधिकारी चूरू के निर्देशन में राजगढ़ क्षेत्र में कार्यवाई के दौरान 34 पेटी माल्टा बोटल, 29 पेटी माल्टा चारली पव्वा, 1 पेटी आईबी बोटल, 2 पेटी आईबी पव्वा, 10 पेटी बीयर, 1 पेटी जीएसएम, 5 पेटी रॉयल विस्की शराब अभियुक्त वीर सिंह के एक खेत में बने कमरे से बरामद की गई।

उक्त कार्यवाही में सरिता वर्मा आबकारी निरीक्षक वृत चूरू, दीनदयाल मीणा आबकारी निरीक्षक वृत सुजानगढ़, विद्याधर पूनिया आबकारी निरीक्षक वृत रतनगढ़, सत्यपाल सिंह प्रहाराधिकारी आबकारी निरोधक दल चूरू, कमल सिंह प्रहाराधिकारी आबकारी निरोधक दल रतनगढ़, सुरेन्द्र सिंह प्रहाराधिकारी आबकारी निरोधक दल सुजानगढ़, विनोद कुमार प्रहराधिकारी भादरा हनुमानगढ़ मय जिला चूरू का समस्त आबकारी जाब्ता शामिल था। अग्रिम तपतीश जारी है। उक्त शराब जिले में पड़त मदिरा दुकानात के क्षेत्र में बिक्री हेतु स्टोर की गई थी। जिला चूरू में 24 पड़त मदिरा समूह है जिनमें से राज्य सरकार द्वारा 5 मदिरा दुकानात सरकारी उपक्रम गंगानगर सुगर मील को आवंटित कर दी गई है।

# पाटन में मांगों को लेकर स्टांप वेंडर हड़ताल पर रहे

## मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उपखंड अधिकारी को दिया

**पाटन, (निसं)।** राजस्थान लाईसेन्स स्टाम्प वेण्डर्स एसोसियेशन की ओर से राज्य सरकार व सम्बन्धित अधिकारियों को समय-समय पर विभिन्न मांगों को लेकर अवगत कराने के बाद भी स्टांप वेंडरों की मांगों पर सरकार द्वारा विचार नहीं करने पर मंगलवार को राजस्थान लाइसेंस स्टांप वेंडर एसोसिएशन के आव्हान पर नीमकाथाना न्यायालय परिसर के स्टांप विक्रेताओं ने हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। स्टाम्प वेण्डर्स एसोसियेशन ने राजस्थान प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई मुद्रांक विक्रेताओं द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से स्टाम्प विक्रय करने की पायलेट प्रोजेक्ट को लागू नहीं करने की मांग की।

राजस्थान प्रदेश स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा अर्जित स्टाम्प कर/ टैक्स की राशि सीधी राजकोष में जमा करने, एक लिखित में 50 हजार रूपये की स्टाम्प विक्रय की जो लिमिट है, उस लिमिट को बढ़ाकर 3 लाख रूपये करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को सौंपा गया। इस दौरान स्टांप वेंडर सुभाष जाखड़, जयसिंह जांगिड़, हर्षित सोमावर, शाहरुख, मुकेश सोमावत, सोहन सोमावत, हरीश गुप्ता, महेंद्र वर्मा, अभिषेक कुमावत, दिनेश यादव, श्रवण सिंह, राजू ओला, प्रवीण फानन सहित अनेक स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।



स्टाम्प वैन्डरों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

# कैशियर से 1.78 लाख की लूट

**नोखा, (निसं)।** स्टेट हाईवे पर दिनदहाड़े फ्लिपकार्ट के कर्मचारी से हथियार का भय दिखा कर अपराधियों ने 1 लाख 78 हजार रुपए लूट फरार हो गए। घटना नोखा में एक पेट्रोल पंप की है। जहां राजपुर थाना के दयाल गंज निवासी सुनील कुमार नोखा से अपनी बाइक से फ्लिपकार्ट एजेंसी का पैसा लेकर संझौली पंजाब नेशनल बैक में जमा करने जा रहे थे। तभी नोखा लक्ष्मण पेट्रोल पंप के समीप उजला रंग के अपाचे बाइक से तीन अपराधी मुंह बंद कर उनको हथियार के भय दिखा कर रोक दिया। इसके बाद अपराधियों ने उनसे बाइक की चाभी छीनी जिस पर उनके द्वारा विरोध भी किया गया तो उनके ऊपर अपराधियों द्वारा गोली चला दी गई।

गोली से बचने के चक्कर में एजेंसी मालिक जमीन पर गिर गए इसका फायदा उठा कर अपराधियों ने बाइक के डिक्की में रखे 1 लाख 78 हजार रुपया नगद बाइक एवं उनका मोबाइल लूट कर हवा में गोली चलाते अपराधी भागने में सफल रहे। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष गुड्डु कुमार अपने दल बल के घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अपराधियों की पहचाना के लिए पेट्रोल टंकी के पास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है।